दिन– रविवार | दिनांक– 09/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– रेल परियोजनाओं के लिए बिहार में धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। अभी रेलवे की लगभग पंचानवे हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर राज्य में चल रहा है काम।

02. श्री वैष्णव ने कहा– रेलवे में जल्द ही पंचानवे हजार पदों पर नयी नियुक्तियां की जायेगी।

03. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण कल से एक नए प्रारूप में आयोजित किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल विद्यार्थियों से करेंगे संवाद।

04. और, कैमूर जिले में जीटी रोड पर लगभग पच्चीस किलोमीटर तक भीषण जाम की स्थिति। प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु फंसे।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेल परियोजनाओं के लिए बिहार में धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। श्री वैष्णव ने बेतिया जंक्शन पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में बिहार को दस हजार छियासठ करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी रेलवे की लगभग पंचानवे हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर बिहार में काम चल रहा है।

–––बाईट–––

रेल मंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह के बाद से बिहार में जितने रेलवे ट्रैक बनाए गए हैं वह मलेशिया के संपूर्ण रेलवे नेटवर्क से अधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य में छिहत्तर प्रतिशत रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा चुका है।

---बाईट---

श्री वैष्णव ने कहा कि  अगले तीन से चार महीने में गोरखपुर से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी। रेल मंत्री ने कहा कि नेपाल बार्डर के निकट वर्ती क्षेत्र में रेल दोहरीकरण का कार्य तेज किया जाएगा। इसके बाद बेतिया और आस पास के क्षेत्र के लिए रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि रेलवे में जल्द ही पंचानवे हजार पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

इससे पहले रेल मंत्री ने पश्चिम चंपारण ज़िले में बेतिया और कुमारबाग के बीच बने रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद महिलाओं को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। इस ओवरब्रिज के बन जाने से जिले के चौदह प्रखंड जिला मुख्यालय से सीधे जुड़ जायेंगे और लोगों को भीषण जाम की समस्या से राहत मिलेगी। श्री वैष्णव ने बेतिया-पटना रेलखंड पर सिग्नलिंग व्यवस्था, इस मार्ग की परियोजनाओं और अमृत भारत स्टेशनों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दूबे, राज्य सरकार की मंत्री रेणु देवी, भाजपा सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल और जदयू सांसद सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। न का भी दौरा करेंगे। इस दौरान वे विकास कार्यों का जायजा लेंगे।

---

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण आठ एपिसोड के एक नए प्रारूप में आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मण्डपम में कल से शुरू हो रहा है। परीक्षा पे चर्चा की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्रम में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, मुक्केबाज एम.सी. मेरीकॉम और आध्यात्मिक गुरू जग्गी वासुदेव समेत विभिन्न क्षेत्रों की प्रख्यात हस्तियों की भी उपस्थिति होगी। एक रिपोर्ट--

———रिपोर्ट———

शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नए प्रारूप में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे और अपने अनुभव तथा ज्ञान साझा करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 36 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जायेगा। परीक्षा पे चर्चा एक संवादात्मक कार्यक्रम है जिसमें भारत तथा विदेशों के शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक प्रधानमंत्री के साथ चर्चा करते हैं तथा जीवन को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए परीक्षा के तनावों से उबरने को लेकर सकारात्मक बातचीत करते हैं। समाचार कक्ष से मैं कामिनी ठाकुर।

---

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने देशभर के विद्यार्थियों का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के तनाव को कम करने और परीक्षा की तैयारियों के प्रबंधन में काफी मददगार हो रहा है।

———बाईट———

---

कैमूर जिले में जीटी रोड पर लगभग 25 किलोमीटर तक भीषण जाम लगा हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जाम के चलते काफी संख्या में कुंभ मेले में जाने वाले श्रद्धालु फंसे हुए हैं। जाम को देखते हुए उत्तर प्रदेश के चंदौली में स्थानीय प्रशासन ने उत्तर प्रदेश की नंबर वाली गाड़ियों को छोड़कर किसी भी अन्य वाहन के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर बिहार में जातिवाद का जहर घोलने का आरोप लगाया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस जिस किसी भी पार्टी से हाथ मिलाती है उसका जनाधार खत्म कर देती है।

———बाईट———

इस बीच राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि बिहार में दिल्ली वाली स्थिति पैदा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता मालिक है और भाजपा को दिल्ली के लोगों से किए गए वायदे पर खरा उतरना चाहिए।

———बाईट———

---

भाजपा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अब बिहार की बारी है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रसाद ने दावा किया कि एनडीए को बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत मिलेगा।

———बाईट———

---

अब खबरें महाकुंभ से—

————म्यूजिक————

प्रयागराज महाकुंभ में अब तक 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर तीन अमृत स्नान के बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ है। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा। इस बीच, महाकुंभ मेले में जल जीवन मिशन मंडप, लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है । इस पेवेलियन में ग्रामीण जीवन पर इस मिशन के प्रभाव को प्रदर्शित किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के ग्रामीण इलाकों में आ रहे बदलाव को भी प्रदर्शनी में दिखाया जा रहा है।

———बाईट———

जल जीवन मिशन मंडप में उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में हुई क्रांतिकारी बदलाव को दर्शाया गया है जो कभी पानी की कमी के कारण सुर्खियों में बना रहता था। बुंदेलखंड में आज जल जीवन मिशन के कारण सभी घरों में नल के द्वारा पानी पहुंच चुका है। केंद्र सरकार ने प्रत्येक ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाने के लिए 2019 में जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में आगंतुकों ने जल जीवन मिशन की सराहना करते हुए कहा— मुझे यहां आकर बड़ा अच्छा लगा और पूरी जानकारी हुई कि क्या है? हमारी सरकार हमारे लिए क्या कर रही है? हर घर नल जल योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार मिलकर हर एक व्यक्ति के घर पर नल लगाकर जो है जल की व्यवस्था जो बहुत अच्छे तरीके से जो प्रोवाइड कराई जिसके बाद जो बुंदेलखंड में जल की समस्याएं हुआ करती थे वो काफी हद तक दूर हुई। जल जीवन मिशन पर बनी प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्राम पंचायत विकास और गांव में सौर ऊर्जा जैसे कई पहलों को दिखाया गया है। इसके अलावा एक डिजिटल कॉर्नर बनाया गया है। जहां उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अपने—अपने गांव में पानी, नल कनेक्शन और जल आपूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।

---

पछुवा हवा के प्रभाव से प्रदेश के औसत तापमान में गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले बहत्तर घंटो के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होगी। वहीं, सुबह के समय राज्य के उत्तरी हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

रेलवे ने सहरसा–अमृतसर जन साधारण एक्सप्रेस का ललित ग्राम तक विस्तार किया है। यह ट्रेन परिवर्तित नंबर के साथ तेरह फरवरी से चौबीस अप्रैल तक प्रत्येक गुरूवार को सहरसा से ललित ग्राम तक के लिए और चौदह फरवरी से पच्चीस अप्रैल तक प्रत्येक शुक्रवार को ललित ग्राम से सरहसा के बीच चलेगी।

---

मुजफ्फरपुर के कांटी थाना हाजत में एक युवक की मौत के बाद हुए हंगामे के मामले में डेढ़ सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। इन सभी पर पुलिस पर हमला करने, सरकारी काम में बाधा डालने और सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने से जुड़ी अलग–अलग धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

---

सारण जिले के दिघवारा में आयोजित स्वर्गीय राम जंगल सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में दिल्ली की टीम विजेता बनी है। फाइनल मुकाबले में दिल्ली की टीम ने दुर्गापुर को दो–शून्य से पराजित किया। विधान पार्षद आफाक अहमद और आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह ने विजेता टीमों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया।

---

पूर्वी चंपारण जिले के हरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से पैंतालीस किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

---

औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के महुआ धाम में अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बिहार पुलिस के एक सिपाही की मौत हो गई। मृतक सिपाही पटना में पदस्थापित था।

---

01. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– रेल परियोजनाओं के लिए बिहार में धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। अभी रेलवे की लगभग पंचानवे हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर राज्य में चल रहा है काम।

02. श्री वैष्णव ने कहा– रेलवे में जल्द ही पंचानवे हजार पदों पर नयी नियुक्तियां की जायेगी।

03. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण कल से एक नए प्रारूप में आयोजित किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल विद्यार्थियों से करेंगे संवाद।

04. और, कैमूर जिले में जीटी रोड पर लगभग पच्चीस किलोमीटर तक भीषण जाम की स्थिति। प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु फंसे।

---

समाप्त